तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 2 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 दो घंटे की झमाझम बारिश से जलमग्न हुई सड़कें



## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा 5 को

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अतर्गत वर्ष 2026-27 कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय घंघरी में आयोजित है। उन्होंने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त अम्बिकापुर में जमा किया गया है उनका प्रवेश पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर से एवं जिन छात्र-छात्राओं ने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयध्मण्डल संयोजक लखनपुर, उदयपुर, लुण्ड्रा, बतौली, सीतापुर एवं मैनपाट में जमा किये हैं वे अपना प्रवेश पत्र संबंधित मण्डल संयोजकों से 1 जुलाई से प्राप्त कर सकते हैं अथवा निर्धारित परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर (ग्राम घंघरी) से परीक्षा प्रारंभ होने के डेढ़ घण्टे पूर्व उपस्थित होकर केन्द्राध्यक्ष से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा तिथि को फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिनके पालकों की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो, आयकर दाता न हो, सरगुजा जिले के मूल निवासी हो, कक्षा 4थी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हों तथा ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हो।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 6 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 6 जुलाई को समय-सीमा की बैठक पश्चात आयोजित की गई है। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** खेत से धान उठाने गए ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम गोवर्धनपुर निवासी लालमन यादव आ. केशव यादव (56 वर्ष) अपने खेत में गर्मी मौसम का धान की फसल लगाया था। धान फसल तैयार हो जाने पर मिसाई के लिए खेत में काट कर रखे धान को उठाने 29 जून को गया था। खेत में धान उठाने लगा तभी पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। ग्रामीण ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल लालमन को डिंडो अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। दूसरे दिन तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### इलेक्ट्रिक ऑटो एवं बाइक की टक्कर में 3 घायल

**अम्बिकापुर।** बाइक सवार ग्राम पतरापारा से राजपुर आ रहा था तथा इलेक्ट्रिक ऑटो के पीछे चल रहा था। स्पीडब्रेकर पर ऑटो चालक द्वारा ब्रेक लगाने के कारण पीछे चल रही बाइक ऑटो से टकरा गई। हादसे के बाद आटो चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार सुखदेव, अरूण एवं दसरू गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत गंभीर चोटें लगने के कारण चिकित्सक ने सुखदेव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर रिफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सीएमडीसी की रिपोर्ट में भी छिपाई गई जानकारी, भड़के विधायक, भारी विरोध और हंगामे के बीच हुई जन सुनवाई

# बॉक्साइट खदानों की स्वीकृति से मैनपाट के पर्यटन स्थलों पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बॉक्साइट खदान खोलने को लेकर बुधवार को मैनपाट के कमलेश्वरपुर में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस जन सुनवाई के दौरान स्थानीय युवाओं ने खदान खोले जाने का विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत शामिल हुए तो वहीं सत्ता पक्ष से भाजपा विधायक राम कुमार टोप्पो ने भी जन सुनवाई में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कांग्रेस शासन काल में ही खदानों के लिए स्वीकृति दिए जाने की बात कही। जन सुनवाई के दौरान चौकाने वाली जानकारी सामने आई है जिसके अनुसार सीएमडीसी को दी जा रही जमीन के क्षेत्र में मैनपाट के पर्यटन स्थलों का जिक्र नहीं किया गया है या फिर जिनका जिक्र भी है उनकी गलत रिपोर्ट दी गई है। ऐसे में प्रदेश व देश में अपने पर्यटन के लिए प्रसिद्द मैनपाट के अस्तित्व पर ही संकट मंडराने लगा है।

**खास बात**

- कमलेश्वरपुर-रोपाखार के लिए स्वीकृत है खदान

बता दें कि राज्य शासन द्वारा मैनपाट में सीएमडीसी को चार बॉक्साइट खदानों का आबंटन करने की स्वीकृति दी है। शासन की ओर से मैनपाट के नर्मदापुर-कुनिया बाक्साइट खदान 139.500 हेक्टेयर, पथरई-लुरैना बॉक्साइट खदान हेतु 79.190 हेक्टेयर, कमलेश्वरपुर-रोपाखार बॉक्साइट खदान हेतु 147.625 हेक्टेयर व सरभंजा में 207.870 हेक्टेयर में बॉक्साइट खदान की स्वीकृति दी गई है। बुधवार को कमलेश्वरपुर-रोपाखार बॉक्साइट खदान के लिए कमलेश्वरपुर हाई स्कूल परिसर में जन सुनवाई अपर कलेक्टर सुनील नायक और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। सुनवाई के दौरान युवाओं ने खदान खोले जाने का जमकर विरोध किया। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने भी अपना विरोध जताया और कहा कि बॉक्साइट की खदानों से सिर्फ मैनपाट की बर्बादी हुई है। इस दौरान लोगों ने खदान खोलने का विरोध किया। लोगों ने आरोप लगाया कि सीएमडीसी द्वारा बताया गया है कि इसमें 50 से 60 स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा। पहले से मैनपाट में सात खदानें स्वीकृत हैं, जिनमें सीएमडीसी के अधिकारी और निजी कंपनियों के मालिकों द्वारा मिलीभगत कर नियमों को ताक में रखकर माइनिंग की जा रही है। भारी हंगामे के बीच जन सुनवाई की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया और दावा आपत्ति के निराकरण का आश्वासन दिया गया।





जन सुनवाई के दौरान प्रभावितों को जानकारी देते विधायक।

### विधायक टोप्पो ने भी दर्ज कराई उपस्थिति, कांग्रेस पर साधा निशाना

जन सुनवाई के दौरान अपना विरोध दर्ज कराकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत निकल गए। इसके बाद विधायक राम कुमार टोप्पो भी जन सुनवाई में शामिल होने पहुंचे। जन सुनवाई के दौरान उन्होंने मैनपाट में खदानों को लेकर जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मैनपाट क्षेत्र में वर्ष 1992 में कुदारी, केसरा, सपनादर सहित अन्य क्षेत्रों में 639 हेक्टेयर भूमि बालको को लीज दी गई थी और खदानें खुली। हाल ही में हमारी सरकार ने पत्राचार किया है और पिछले वर्ष जुलाई में बालको का लीज समाप्त हो चुकी है और अब गड्ढों को भरने का काम किया जाएगा जिससे काफी हद तक भरपाई होगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सीएमडीसी का आगमन होने के बाद 1996 से 2000 तक खदानें खुली। 2004 में जब खदान खुली तो उस समय विधायक अमरजीत भगत थे।

#### कांग्रेस शासन काल में दी गई स्वीकृति : टोप्पो

विधायक राम कुमार टोप्पो ने कहा कि वर्तमान में जिन खदानों की सुनवाई हो रही है उसकी लीज कांग्रेस शासन काल में वर्ष 2022 में मां कुदरगढ़ी कंपनी को दी गई। उस दौरान अमरजीत भगत क्षेत्र से मंत्री थे और वर्तमान में प्रक्रिया के तहत सिर्फ अंतिम जनसुनवाई हो रही है। उन्होंने पूर्व मंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दो साल पहले गरजते तो बादल और बरसात तेजी से होती। उस समय अमरजीत भगत ने विरोध नहीं किया लेकिन मै सीतापुर क्षेत्र के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा।मुझे तो सिर्फ ढाई साल ही हुआ है, अमरजीत भगत सबसे अधिक समय तक क्षेत्र के विधायक रहे और मंत्री भी रहे लेकिन उन्होंने विरोध प्रदर्शन नहीं किया। ग्राम सभा का अभिमत हमारा अभिमत होगा।

### समाघात रिपोर्ट नहीं मिलने का आरोप

विरोध प्रदर्शन के दौरान कमलेश्वर पुर सरपंच ने आरोप लगाया की पर्यावरण समाघात रिपोर्ट उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है और उन्हें इस आधार पर विरोध दर्ज कराते हुए सुनवाई स्थगित करने की मांग की। इस दौरान अपर कलेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट सचिव को दिया गया था और सचिव भी ग्राम पंचायत की ओर से पत्र प्राप्त करने के लिए अधिकृत है। वहीं एक सरपंच ने अपना हस्ताक्षर नहीं होने की बात कही जिसपर उन्होंने इसकी अलग से शिकायत करने के बाद जांच कराने की बात कही।

#### छिपाई गई पर्यटन स्थलों की जानकारी

मैनपाट अपने पर्यटन स्थलों और जंगलों के कारण ही प्रदेश और देश में प्रसिद्ध है लेकिन जन सुनवाई और विरोध प्रदर्शन के दौरान चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। आरोप है कि खदान क्षेत्र के लिए जितनी जमीन स्वीकृत की गई है उसके अंतर्गत मैनपाट के पर्यटन स्थल बौद्ध मंदिर, जलजली, बायो डायवर्सिटी पार्क के साथ ही रिजर्व फारेस्ट भी है लेकिन खदान स्वीकृति के लिए बनाई गई रिपोर्ट में इन तथ्यों को छिपाया गया है। सीएमडीसी ने जलजली को पर्यटन स्थल के रूप में पेश नहीं किया है। वहीं जलजली को खदान क्षेत्र से दस किमी दूर दर्शाया गया है जबकि उसकी दूरी महज डेढ़ किमी है और खदान के लिए ब्लास्टिंग से इसका अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। वहीं खदान के कारण बसाहट क्षेत्रों को भी खाली करना पड़ेगा।

#### विधायक ने कहा-सदन में उठाया जाएगा मुद्दा

स्थानीय लोगों द्वारा मैनपाट के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी छिपाए जाने अथवा गलत जानकारी दिए जाने को लेकर विधायक राम कुमार टोप्पो ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सीएमडीसी के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यटन स्थलों के प्वाइंट को छिपाया गया जबकि दस्तावेजों में स्पष्ट उल्लेखित है। मंदिर और धार्मिक स्थलों को जिस तरह से अंकित किया गया यह त्रुटि है। यदि यह त्रुटि जानबूझकर की गई है तो इस मामले को सदन तक ले जाएंगे और जो भी गलत करेगा उसे खदेड़ देंगे। उन्होंने कहा कि नियम, प्रावधान, ग्राम सभा की सहमती से खदान खुले तो हम आपके साथ है लेकिन गड़बड़ी कर दस्तावेज छिपाकर, अवैध रूप से सीएम व शासन के पास गलत रिपोर्ट भेजने का विषय सदन तक जाएगा।

#### किया जाएगा निराकरण

जन सुनवाया की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। इस दौरान सभी को सही जानकारी दी गई है और उसकी वीडियो रिकॉडिंग की गई है। निजी और शासकीय भूमि की जानकारी दी गई है। सीएमडीसी ने भी जानकारी दी और अपनी कार्य योजना बताई है। विधायक की और से भी बातें कही गई है, आपत्ति की जांच कर निराकरण किया जाएगा। तथ्यों को छिपाकर रिपोर्ट नहीं बनाई जाएगी।

सुनील नायक
अपर कलेक्टर

# बॉर्डर मीटिंग में अपराध पर नियंत्रण करने बनाई गई साझा रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- छग के साथ ही एमपी, यूपी और झारखंड के अधिकारी हुए शामिल

पड़ोसी राज्यों की ओर से आने वाले अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाने के साथ ही अपराध पर नियंत्रण को लेकर बुधवार को नगर के रेस्ट हाउस में अंतर्राज्यीय बॉर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। अंतरराज्यीय बॉर्डर मीटिंग में बलरामपुर जिले के सरहदी राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं झारखंड के पुलिस अधिकारी हुए सम्मिलित। एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल के मार्गदर्शन में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एसडीएम वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा, एसडीओपी राम अवतार ध्रुव की अध्यक्षता में अंतर्राज्यीय बॉर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन, मवेशी तस्करी, मादक पदार्थ गांजा, शराब व अन्य नशीली दवाईयां का परिवहन, वारंटीयों की पता साजी-गिरफ्तारी, चेक पोस्ट पर नियमित चेकिंग, नाकाबंदी, बॉर्डर एवं साइबर अपराध आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मीटिंग में दीगर राज्य उत्तर प्रदेश से निरीक्षक डीपी यादव थाना प्रभारी बभनी, मध्य प्रदेश राज्य से उमेश प्रजापति सीएसपी बिंदनगर जिला सिंगरौली, निरीक्षक अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढ़न, उप निरीक्षक संदीप नामदेव थाना प्रभारी शासन, झारखंड राज्य से सत्येंद्र नारायण सिंह एसडीपीओ बंशीधर नगर, उप निरीक्षक जनार्दन राऊत थाना प्रभारी धुरकी, एवं छत्तीसगढ़ जिला बलरामपुर के अनुभाग वाड्रफनगर से निरीक्षक बृजलाल भारद्वाज थाना प्रभारी सनावल, उप निरीक्षक ⏭ शेष पेज 4 पर




# रामगढ़ महोत्सव में शामिल होने पहुंची महिलाओं के साथ मारपीट

- चोरी के शक पर भीड़ ने कुर्सियों से पीटा, वीडियो वायरल

**अंबिकापुर।** रामगढ़ महोत्सव के दौरान चोरी के शक पर महिलाओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। भीड़ द्वारा महिलाओं की कुर्सियों से पिटाई करने का वीडियों वायरल हुआ है। इस घटन में तीन महिलाओं के घायल होने की बात कही जा रही है। हालांकि महिलाओं की ओर से अब तक घटना की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

बता दें कि उदयपुर क्षेत्र के रामगढ़ में दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस महोत्सव में जिलेभर से लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम के अंतिम दिन सीएम भी समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान महोत्सव में पहुंची महिलाओं पर कुछ लोगों ने चोरी करने का आरोप लगते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस हंगामे के दौरान भीड़ ने महिलाओं की पिटाई शुरू कर दी। लोगों ने तीन महिलाओं को पकड़कर बेदम पीटा, उनपर प्लास्टिक की कुर्सियों से हमला किया गया। हमले के दौरान कई कुर्सियां भी टूट गई। मारपीट से महिलाओं के सिर से खून निकलने लगा इसके साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई। मारपीट की पूरी घटना का लोगों ने वीडियो भी बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा ⏭ शेष पेज 4 पर



#### थाने में नहीं पहुंची शिकायत

सबसे बड़ी बात यह है कि रामगढ़ महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था लेकिन मारपीट के दौरान कहीं भी कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहा है और ना ही बाद में आकार हस्तक्षेप किया गया। कुछ लोगों ने ही बीच बचाव कर मामला शांत कराया। वहीं मार खाने वाली महिलाओं की तरफ से भी थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### गाज से 5वीं की छात्रा की मौत, पड़ोसी गंभीर

**रामचंद्रपुर।** ग्राम बोधा में गाज की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई वहीं पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम बोधा निवासी अमौसी खैरवार पिता लालसाय खैरवार (13वर्ष) गांव के प्राथमिक शाला में कक्षा 5वीं में पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार को शाम मौसम खराब होने एवं गरज-चमक के साथ बारिश होने के कारण स्कूल की छुट्टी जल्द हो गई थी। वह शाम 4 बजे घर पहुंची एवं खाना खाने के बाद हाथ धोने के लिए जैसे ही आंगन में पहुंची अचानक गाज गिरी तथा गाज की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई जबकि उसका पड़ोसी फूलसाय गंभीर रूप से घायल हो गया। फूलसाय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है।



# लुचकी घाट पर अवैध रूप से मिट्टी-मुरुम उत्खनन में लगे जेसीबी-ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- हरिभूमि ने किया था खबर का प्रकाशन, जिले में अलग अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई

अवैध रूप से उत्खनन करने को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन करने के बाद बड़ा असर हुआ है। खनिज विभाग ने लुचकी घाट में अवैध मुरुम उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की है। विभाग ने जेसीबी और ट्रैक्टर को जब्त किया है। इसके साथ ही जिले में अलग अलग स्थानों पर रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बता दें कि लुचकी घाट पर माफियाओं द्वारा जमीन पर कब्जा करने के साथ ही अवैध रूप से मिट्टी मुरुम का उत्खनन किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर हो रहे इस अवैध उत्खनन को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई की गई है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं सूचना को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। 28 जून को तहसील अम्बिकापुर अंतर्गत लुचकी घाट में खनिज मिट्टी/मुरूम का उत्खनन करते हुए 1 नग जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएम 7967 वाहन मालिक इस्लाम खान एवं 1 ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 15 एई 2137 वाहन मालिक इस्लाम खान जब्त कर खनिज कलेक्टर परिसर में रखा गया है। 29 जून को उदयपुर तहसील अंतर्गत ग्राम केशगवां में 1 नग टीप्पर वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजे 4504 वाहन मालिक राजा यादव को खनिज रेत के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर थाना प्रभारी उदयपुर के अभिरक्षा में दिया गया है। इसी प्रकार चार वाहनों वाहन क्रमाक सोल्ड ट्रेक्टर लाल वाहन मालिक रामचंद खनिज रेत, वाहन क्रमांक महेन्द्रा लाल सोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक मौहर साय साहू खनिज रेत, वाहन सीजी 13 बीडी 5155 वाहन मालिक सुनिल अग्रवाल खनिज गिट्टी एवं वाहन क्रमांक सीजी 13 बीडी 5157 वाहन मालिक सुनिल कुमार अग्रवाल उक्त वाहनों को जप्त कर थाना प्रभारी सीतापुर के अभिरक्षा में रखा गया है। सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(4) एवं एमएमडीआर की धारा 21 (5) एवं 23 एवं छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 यथा संशोधित 22 जून 2026 के नियम 71 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि छग गौण खनिज नियम 2015 में व्यापक संशोधन अधिसूचना 22 जून के माध्यम से हुआ है। यथा संशोधित नियम के 71 (3) के तहत शमन शुल्क न्यूनतम 25 हजार रूपए हो गया है। प्रशमन राशि न्यूनतम 25 हजार होगा या 2 हजार रूपए प्रति टन जो भी अधिक होगा, की वसूली अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारणकर्ता से की जाएगी। उक्त राशि के अलावा खनिज का बाजार मूल्य भी प्रकरणों में वसूल की जाएगी। खनि अमला द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

### 5.50 करोड़ की सिंचाई परियोजना पर उठे सवाल

# पहली बारिश में बह गई 4.88 करोड़ की नहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित भाला गिरवानी परियोजना पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। इस परियोजना का 4.88 करोड़ रूपये का निर्माण कार्य टेंडर के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन निर्माणाधीन कांक्रीट नहर पहली ही मूसलाधार बारिश में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार 5.5 किलोमीटर लंबी कांक्रीट नहर घाघा नदी से निकाली जा रही है जिससे भाला और विजयनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलनी है। परियोजना पूरी होने के बाद खेती के लिए पर्याप्त पानी मिलने से काफी उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन निर्माण पूरा होने से पहले ही नहर के टूटने से क्षेत्रवासियों को बड़ा झटका लगा है। नहर का निर्माण पूर्ण भी नहीं हुआ तथा वह पहली बारिश का दबाव नहीं झेल सकी जिससे ग्रामीण गुणवत्ताहीन निर्माण एवं तकनीकी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। स्थानीय किसान सरवन सोनी, इफ्तेहार खान, विनीत गुप्ता और रामकुमार धुर्वे ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के समय से ही कई बार अधिकारियों को गुणवत्ता संबंधी शिकायतें की गई थी। निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया न ही क्योरिंग की गई जिसके कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई। इंजीनियरों द्वारा नियमित देखरेख नहीं करने एवं ठेकेदार के तकनीकी कर्मचारी के अधिकांश समय अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से नहर टूटने, निर्माण सामग्री और गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच कराने एवं दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री एनपी डहरिया ने बताया कि नहर के लोवेस्ट पॉइंट पर क्रॉस ड्रेनेज बनाना था। ठेकेदार को क्रॉस ड्रेनेज बनाने निर्देशित किया गया था। क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण नहीं होने के कारण पानी का दबाव बढ़ने के कारण नहर क्षतिग्रस्त हुई है। मामले में ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### जीपीएम की सह प्रभारी बनीं रेनू



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छग ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं पूर्व जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा कोरिया श्रीमती रेनू सिंह को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से महिला मोर्चा द्वारा की गई है। श्रीमती सिंह की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन ने उनके लंबे अनुभव, सक्रिय भूमिका और समर्पित कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नई जिम्मेदारी मिलने पर श्रीमती रेनू सिंह ने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने एक सामान्य महिला कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति-नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभी अवस्थी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिया गया यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**बिजुरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन 30 जून को नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 7 स्थित अमृत तालाब में विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने सामूहिक श्रमदान कर तालाब की व्यापक सफाई की तथा जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, पुर्नजीवन, स्वच्छता तथा जनसहभागिता के माध्यम से लोगों में जल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी उद्देश्य से नगर परिषद डोला द्वारा अभियान अवधि के दौरान विभिन्न जनजागरूकता एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### दिव्यांग हितग्राही को मिला श्रवण यंत्र

**मनेन्द्रगढ़।** सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याण के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता एक बार फिर देखने को मिली, जब जनदर्शन में प्राप्त एक दिव्यांग हितग्राही की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। समाज कल्याण विभाग की तत्पर पहल से हितग्राही को तुरंत राहत मिली और शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित हुआ। कार्यालय कलेक्टर में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्राम सोनहरी की निवासी श्रीमती शकुंतला यादव, पिता तुलसी प्रसाद यादव ने श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

### पीएम आवास सर्वे में पात्र हितग्राही शामिल नहीं

**बरबसपुर।** पीएम आवास सर्वे सत्यापन में 168 परिवारों के नाम सत्यापन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा घोर अनियमितता एवं लापरवाही पूर्वक सर्वे में पात्र परिवारों को वंचित किए जाने की शिकायत एवं पुनः अनुपूरक सूची में पात्र परिवारों को योजना में शामिल किए जाने की मांग को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती रीना अग्रवाल, सरपंच सोनमती सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक कलेक्ट्रेट पहुंच कलेक्टर से मिलकर 168 वंचित परिवारों का पुनः भौतिक सत्यापन कराएं जाने की मांग एवं पात्र हितग्राहियों के नाम 2.0 पीएम आवास योजना में शामिल कर जोड़े जाने की मांग वाला ज्ञापन सौंपा।

## जगह-जगह जलभराव, घरों में घुसा पानी

# दो घंटे की झमाझम बारिश से जलमग्न हुई सड़कें





कुमार चौक के पास भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से मानसून के सुस्ती देखने को मिल रही थी, इसके कारण खेती किसानी कार्य पिछड़ रहा था ,इसे लेकर किसानों की चिंता बढ़ने लगी थी, लेकिन जैसे ही आषाढ़ की शुरूआत मंगलवार से हुई तो इस दिन घंटों तक झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्रों को भिंगों दिया, इसके दूसरे दिन बुधवार को शाम 5 बजे से कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

इस दिन भी गरज चमक के साथ दो घंट से अधिक समय तक बारिश का क्रम चलता रहा। इससे शहर की सड़कें जलमग्न हो गरइं, जगहों पर जलभराव के साथ घरों में पानी का बारिश घूस गया। आषाढ़ के पहले दिन हुए घंटों की झमाझम बारिश के बाद दूसरे दिन खेती किसानी कार्य की शुरूआत हो गई। जमीन गीली हो जाने से किसान बुधवार से अपने खेतों में हल लेकर उतर गए और खेतों की जुताई में जुट गए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के द्वारा हल बैल के माध्यम से खेतों की जुताई करते दिखे और कई किसानों ने ट्रैक्टरों के माध्यम से जुताई कार्य करते रहे। इसी तरह की बारिश एक दो दिन की अंतराल में और होती है तो खेती किसानी कार्य जोर पकड़ लेगा और पिछड़ती खेती को संभाला जा सकेगा। प्रतिवर्ष सबसे अधिक बारिश जुलाई के माह मे ही होती है, ऐसे में चालू माह में होने वाली बारिश ही खेती की दशा तय करेगा।



### बीते 24 घंटे में जिले में 12 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 12 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 2 मिली, कोतमा में 5 मिली, बिजुरी में 6.2 मिली, जैतहरी में 60.3 मिली मीटर, वेंकटनगर में 12.4 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 6.8 मिली मीटर, अमरकंटक में 1.2 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 2.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### चुनिंदा किसान रोपा लगाने जुटे

मंगलवार को आषाढ़ के पहले दिन हुई झमाझम बारिश के दूसरे दिन बुधवार को जिले के कुछ किसानों द्वारा अपने खेतों में धान रोपने का कार्य भी शुरू कर दिया। हालांकि अभी चुनिंदा किसानों द्वारा ही आषाढ़ के पहली झमाझम बारिश के बाद धान रोपाई का कार्य शुरू किए। ऐसे किसानों के द्वारा सिंचित क्षेत्र में पहले ही धान का पौधा तैयार करने के लिए बीज बो दिए थे, जिनका पौधा रोपाई के लिए तैयार हो गया था।

### मानसून के सुस्ती का बड़ा असर बुआई पर

इस वर्ष मानसून के सुस्ती का बड़ा असर खेती किसानी कार्य पर देखने को मिल रहा है। इस बार खरीफ फसल की बोआई पिछले साल की इस अवधि के मुकाबले घट गई है। अब तक मिट्टी में पर्याप्त नमी की कमी की वजह से धान, दाल जैसी फसल की बुआई में बीते वर्ष के मुकाबले इस अवधि तक बुआई में भारी गिरावट आई। मौसम विभाग को उम्मीद है कि आने वाले दिनो में बंगाल की खाड़ी के उपर कम दबाव का क्षेत्र बनने से मानसून की स्थिति में सुधार हो सकता है और मानसून की थोड़ी रफ्तार पकड़ सकता है।

## आखिर कब पटरी पर आएगी मनेन्द्रगढ़ की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय बनने के बाद शहरवासियों को उम्मीद थी कि यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, सड़कों पर अतिक्रमण हटेगा और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, लेकिन हालात इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रहे हैं।

शहर का प्रमुख मार्ग भगत सिंह तिराहे से लेकर साई मंदिर चौक तक अब दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है। दिनभर लगने वाले जाम, सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात व्यवस्था के कारण हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सबसे चिंताजनक स्थिति जैन मंदिर चौक की है, जहां सड़क पर ही दुकानें सजने लगी हैं। फुटपाथ तो पहले ही गायब हो चुके हैं, अब सड़क का बड़ा हिस्सा भी अस्थायी दुकानों और ठेलों के कब्जे में रहता है। इसका सीधा असर यातायात पर पड़ रहा है। दुपहिया वाहन तो किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन चारपहिया वाहनों के आमने-सामने आने पर लंबा जाम लग जाता है। स्कूल बसें, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी इस अव्यवस्था का शिकार बनते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्र में कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल मूकदर्शक बना हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा, जबकि समय रहते प्रभावी कदम उठाकर ऐसी स्थिति को आसानी से रोका जा सकता है। यातायात व्यवस्था को सुधारने की जिम्मेदारी केवल पुलिस की नहीं, बल्कि नगर पालिका और जिला प्रशासन की भी है। अतिक्रमण हटाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वहीं स्थिति बन जाती है। यदि स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के बीच यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। शहर के व्यापारियों और नागरिकों का भी इस व्यवस्था को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। सड़क को दुकान का विस्तार बनाना, मनमाने ढंग से वाहन खड़े करना और यातायात नियमों की अनदेखी करना भी समस्या को बढ़ाता है, लेकिन इन सब पर नियंत्रण करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भगत सिंह तिराहा, फव्वारा चौक, जैन मंदिर चौक और साई मंदिर चौक जैसे व्यस्त स्थानों पर नियमित यातायात पुलिस की तैनाती, नो-पार्किंग नियमों का सख्ती से पालन, सड़क पर लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित करने तथा अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता है। जिला बनने के बाद शहर की पहचान एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित नगर के रूप में बननी चाहिए थी।

### आए दिन राहगीर होते हैं परेशान



## आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का संकल्प है पौधरोपण : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 18 वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी छग सशस्त्र बल मनेन्द्रगढ़ परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में समाजसेवी नरोत्तम शर्मा ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटता वन क्षेत्र पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। अपने संबोधन में नरोत्तम शर्मा ने कहा कि एक पौधा केवल हरियाली का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जीवन, शुद्ध वायु, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का आधार है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे को लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें निस्वार्थ भाव से ऑक्सीजन, फल, छाया और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए उनका संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज के सभी वर्ग पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहित के कार्यों से जुड़ते हैं, तभी ऐसे अभियान व्यापक जनआंदोलन का रूप लेते हैं। उन्होंने विशेष रूप से तेजस्विनी महिला मंडल, मारवाड़ी युवा मंच एवं ग्रीन वेली फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लगातार बढ़ रही है। श्री शर्मा ने कहा कि पौधे लगाना जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनका नियमित संरक्षण और संवर्धन है।

## विकसित भारत जीरामजी योजना में दैनिक मजदूरी 300 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



विकसित भारत जीरामजी में अकुशल श्रमिकों को एक कार्य दिवस के बदले अब 300 रूपए की मजदूरी प्राप्त होगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से बीते दिवस विकसित भारत जीरामजी योजना के लिए राज्यों में अकुशल श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी राशि का नया नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम 2025 के तहत गत दिवस जारी नोटिफिकेशन में अकुशल श्रमिकों के दैनिक श्रम का मूल्य वर्धन करते हुए अब छग राज्य में श्रमिकों को प्रति कार्यदिवस के आधार पर एक दिन में 300 रूपए का पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशन में वीबीजीरामजी 2025 का यह अधिनियम आज से पूरे देश में लागू हो रहा है। मनरेगा से उन्नत होकर पूरे देश में अकुशल श्रम से संसाधनों के निर्माण के लिए लागू की गई। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत जॉब कार्डधारी प्रत्येक श्रमिक परिवार को वित्तीय वर्ष में कुल 125 दिवस के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। विदित हो कि पहले मनरेगा के अंतर्गत एक परिवार को मात्र 100 दिवस रोजगार की गारंटी मिलती थी। लागू हुई पारिश्रमिक दर दोनों जनपद पंचायतों में आज से वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत प्रारंभ हुए सभी कार्यों में तथा आगामी समय में आरंभ होने वाले कार्यों में नियोजित प्रत्येक श्रमिक को अब वीबीजीरामजी योजना की निर्धारित मजदूरी 300 रूपए प्रत्येक कार्यदिवस के आधार पर प्राप्त होगी। यह दर इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों और योजना क्रियान्वयन करने वाले प्रत्येक एजेंसी के कार्य पर भी लागू होगी। इन पर रहेगा फोकस पूरे देश में आज से लागू हुई वीबी जीरामजी योजना में मुख्य तौर पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य लिए जा रहे हैं। जिनमें ग्राम पंचायतों में तालाब गहरीकरण, जल संरक्षण के लिए सोक पिट, चेक डैम निर्माण जैसे कार्य हो रहे हैं। साथ ही विकसित ग्राम पंचायत बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में योजना के अंतर्गत अब आधारभूत संरचना विकास सड़क, पुलिया, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन निर्माण कार्य भी होंगे। आजीविका के लिए नई दिशा आज से आरंभ हुई विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण पंजीकृत श्रमिक परिवारों को स्थायी आजीविका से समृद्ध करने की विशेष कार्ययोजना होगी। ग्राम पंचायतों में वीबीजीरामजी के तहत आजीविका संवर्धन करने के लिए विशेष तौर पर कृषि आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इनमें पशुपालन, मत्स्य पालन, स्व-सहायता समूह को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन बाढ़-सूखा से बचाव के लिए संरचनाएं भी बनाई जाएंगी।

## अप्रैल का नहीं मिला राशन, ग्रामीण परेशान

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत सोनवर्षा में संचालित स्व सहायता समूह का राशन एक माह का नहीं प्रदान होने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में कर तत्काल बकाया राशन उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान ग्राम पंचायत सोनवर्षा सरपंच श्रीमती श्यामवती के साथ ग्रामीण मानकुंवर, राधा, सुमित्रा, रजमन बाई, सुमित्रा, इंदिरा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




कलेक्टर जनदर्शन में दिए शिकायत में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत सोनवर्षा के दुर्गा महिला स्व सहायता समूह के राशन दुकान को माह अप्रै्रल 2026 का राशन प्रदान नहीं किया गया है, इसके चलते 111 परिवारों को उक्त माह का खाद्यान्न वितरण नहीं किया, इसे लेकर हितग्राहियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर ग्राम सभा में खाद्यान्न के लिए हितग्राहियों ने मांग रखी है। मांग करने पर गाली गलौज करते है।

## नौगई तिहरे हत्याकांड, क्षत्रीय समाज ने सौंपा ज्ञापन



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के नौगई में हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर क्षत्रीय समाज कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक छग शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने मांग की कि इस जघन्य घटना में शामिल सभी आरोपियों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, घायलों के बेहतर उपचार तथा मृतकों के आश्रित बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था किए जाने की मांग भी रखी गई। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की पारदर्शी तरीके से जांच होनी चाहिए। यदि जांच के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उनके विरूद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम

# चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के अमूल्य योगदान का सम्मान

**अंबिकापुर ।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के अमूल्य योगदान का सम्मान करना तथा विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अमीर फिरदौसी , सीए हरि शंकर जायसवाल एवं सीए अभय मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में स्थापित फाइनेंशियल लिटरेसी लैब का शुभारंभ सीए हरिशंकर जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। बचत, निवेश, बजट निर्माण एवं वित्तीय अनुशासन जैसी आदतें विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह लैब विद्यार्थियों को व्यावहारिक वित्तीय ज्ञान प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार करेगी। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, स्वागत गीत एवं प्रेरक कार्यक्रमों के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में डॉ. अमीर फिरदौसी ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने जीवन का लक्ष्य अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप



चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी की रुचि सेवा भाव से लोगों की सहायता करने में है, तो उसे चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर एक समर्पित डॉक्टर बनने का प्रयास करना चाहिए। वहीं यदि किसी की रुचि वित्त, गणित एवं व्यवसाय में है, तो वह चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबली अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल-आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षण, नवाचार एवं मूल्यपरक शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्थापित फाइनेंशियल लिटरेसी लैब विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ जीवन कौशल निर्णय लेने की क्षमता, जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार, बचत की आदत तथा भविष्य की आर्थिक चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने की क्षमता'' विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम विद्यालय के अध्यक्ष के. एन. सिंह के मार्गदर्शन एवं निदेशक इरशाद खान निदेशक श्रीमती शिखा सिंह तथा निदेशक श्री शाश्वत सिंह के संरक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### जनसमस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के राजनगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर समाजसेवियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजनगर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से कॉलोनियों के आवासों के पीछे स्थित नालियों की नियमित एवं समुचित साफ-सफाई कराए जाने की मांग की गई, ताकि जल भराव, गंदगी एवं मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही कॉलोनियों में स्थापित विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइटों के आसपास उगी झाड़ियों और पेड़-पौधों की तत्काल छंटाई कराने की मांग रखी गई, जिससे प्रकाश व्यवस्था सुचारु रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर ईई सुबोध राम भगत को दी गई विदाई

**अम्बिकापुर।** लोनिवि के कार्यपालन अभियंता सुबोध राम भगत के 30 जून को सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अभियंता बीएस बघेल ने उन्हें शॉल श्रीफल से सम्मानित किया और कहा कि श्री भगत कर्मठ अधिकारी थे। वे परिक्षेत्रीय सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी अधिकारी रहे। कभी कोई शिकायत नहीं आई। इनकी कार्यशैली अच्छी और व्यक्तित्व अत्यंत सरल और मिलनसार रहा। सेवानिवृत्ति उपरांत वे अपना पूरा समय अपने परिवार को दें। अधीक्षण अभियंता महादेव लहरे ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी एक दिन सेवानिवृत्त होता है। कार्यपालन अभियंता हरिशंकर साय ने उनके कार्यों की जमकर सराहना की इस दौरान सहायक अभियंता जीएन राम, प्रकाश सिन्हा, मुकुंदलाल साहू सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर उपयंत्री अशोक तिवारी को दी गई विदाई



**वाड्रफनगर।** लोनिवि के उप अभियंता अशोक कुमार तिवारी को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अम्बिकापुर में दैनिक वेतनभोगी टाइम कीपर के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ करने वाले श्री तिवारी ने कठिन परिश्रम, ईमानदारी के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई तथा विभिन्न कार्यालयों में अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाई। समारोह में अधिकारियों ने कहा कि श्री तिवारी का सेवा जीवन विभाग के कर्मचारियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में सदैव कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं सरल व्यवहार का परिचय दिया। अंत में उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके सुखमय दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस दौरान विजय कुमार भारती, बृजेश कुमार यादव, अजय बलधारी सिंह, हुबलाल अहिन्द, धर्मेद्र कुशवाहा, आनंद पटेल, विनय जायसवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर करारोपण अधिकारी हनुमान प्रसाद को दी गई विदाई



**भैयाथान।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार को करारोपण अधिकारी हनुमान प्रसाद दुबे के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। समारोह में जनपद अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत सीईओ विनय गुप्ता ने हनुमान प्रसाद दुबे को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि हनुमान प्रसाद दुबे ने अपने कार्यकाल में पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। समाज कल्याण विभाग में कार्य करते हुए उन्होंने शासन की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली और व्यवहार हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। विदाई समारोह में अपने संबोधन के दौरान सेवानिवृत्त करारोपण अधिकारी हनुमान प्रसाद दुबे भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत भैयाथान में करीब 11 वर्षों तक सेवा करने का अवसर मिला, इस दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों से मिले सहयोग एवं स्नेह को वे हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम को प्रकाश दुबे, अभय प्रताप सिंह सहित सीईओ विनय गुप्ता ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने श्री दुबे के कार्यकाल, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखमय भविष्य की कामना की। इस दौरान नितिन तिवारी, एसडीओ अमित ताम्रकार, कार्यक्रम अधिकारी ओपी तिवारी, सचिव संघ अध्यक्ष आनंद सिंह, आईएस अंसारी सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक के प्रयासों से शासन के निर्देश पर वर्षों बाद शुरू हुआ सर्वे

# मौत की घाटी के नाम से चर्चित पेंडारी घाट के बदलेंगे दिन, क्षेत्रवासियों में जगी नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर विधानसभा का घाट पेंडारी वर्षों से लोगों के लिए भय और दर्द का पर्याय बना हुआ है। इस मार्ग से गुजरने वाला हर चालक और यात्री दहशत के साए में सफर करता है। तीव्र ढलान, खतरनाक अंधे मोड़ और सड़क के किनारे गहरी खाई के कारण इस घाट ने अब तक न जाने कितने परिवारों की खुशियां छीन लीं। स्थानीय लोग इसे लंबे समय से मौत का घाट या डेंजर घाट के नाम से जानते हैं। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से अब मौत के घाट कहलाने वाले पेंडारी घाट के दिन बदलेगी। शासन के निर्देश पर वर्षों बाद सर्वे का काम शुरू हुआ है। सर्वे शुरू होने से अब क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

**खास बात**
- घाट पेंडारी में आए दिन होती थी दुर्घटनाएं

घाट पेण्डारी की हालात बरसात के दिनों में और भी भयावह हो जाते हैं। सड़क फिसलन भरी हो जाती है, दृश्यता कम हो जाती है और भारी वाहन अक्सर नियंत्रण खो बैठते हैं। कई बार बसें, ट्रक, कार और बाइक दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर चुके हैं। अनेक लोगों की मौत हुई, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हर बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ दिनों तक चर्चा जरूर हुई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने लगातार इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया। उन्होंने कई बार प्रश्नकाल में घाट पेंडारी के सुधार और सुरक्षित निर्माण की मांग करते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने भी वर्षों तक आंदोलन, ज्ञापन और मांग पत्रों के माध्यम से इस मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की। इन प्रयासों का परिणाम अब सामने आता दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ शासन ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य बजट वर्ष 2026-27 में इस परियोजना को शामिल किया है। इसके तहत अम्बिकापुर-धनवार-वाराणसी राज्य मार्ग स्टेट हाईवे-2 ए के किलोमीटर 68/8 स्थित घाट पेंडारी में डीजीपीएस पीडब्ल्यूडी विभाग की इंजीनियर व कई टीमों द्वारा सर्वे शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग संभाग सूरजपुर की निगरानी में उप अभियंता सुधीर बड़ा की उपस्थिति में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पूरे घाट का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि यहां घाट कटिंग, सड़क उन्नयन, रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाए या फिर ऊंचा पुल बनाया जाए। अधिकारियों के अनुसार तकनीकी परीक्षण के बाद विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।



घाट पेंडारी का सर्वे करते कर्मचारी।

### दुर्घटनाओं में आएगी कमी

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि घाट कटिंग अथवा वायाडक्ट का निर्माण हो जाता है तो वर्षों से चला आ रहा दुर्घटनाओं का सिलसिला काफी हद तक रुक जाएगा। यात्रियों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को सुरक्षित आवागमन मिलेगा तथा प्रतापपुर, सूरजपुर और अंबिकापुर के बीच संपर्क भी सुगम होगा। विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि आम जनता के जान माल की हानि को देखते हुए इस विशेष रूप से कार्य करने के लिए पहल किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम जनता के लिए सोचती है तथा करोड़ों रुपए का सौगात कार्य विकास कार्य प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है जिसमें बड़े-बड़े कार्य किया जा रहे हैं और यह घाट पेंडारी का कार्य न्यू का पत्थर साबित होगा।

#### मिलेगी नई पहचान

लोगों का मानना है कि यह केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है जिन्होंने इस घाट पर अपने परिजनों को खोया है। अब सभी की निगाहें शासन की अंतिम स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू होने पर टिकी हैं। यदि योजना समय पर धरातल पर उतरती है, तो वर्षों से मौत का घाट कहलाने वाला पेंडारी घाट भविष्य में सुरक्षित घाट के रूप में अपनी नई पहचान बना सकता है।

#### सर्वे की मिली है स्वीकृति

घाट पेंडारी में लगातार हो रही दुर्घटनाएं हमेशा चिंता का विषय रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए सर्वे की स्वीकृति दी है। सर्वे पूरा होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य की प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

-शकुंतला सिंह पोर्ते
विधायक प्रतापपुर

## डॉक्टर्स डे पर मूकबधिर विद्यालय पहुंचे एसईसीएल के चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार एक जुलाई को एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय, बिश्रामपुर के चिकित्सकों ने ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें खाने का पैकेट वितरित किए। इस दौरान डॉक्टरों ने बच्चों का हालचाल जाना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विशेष विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सकों ने बच्चों को केवल खाने का पैकेट ही नहीं, बल्कि स्नेह, अपनापन और प्रोत्साहन भी दिया है। ऐसे प्रयास समाज में संवेदनशीलता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। केंद्रीय चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक डॉ. निरंजन कुमार ने बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए विद्यालय प्रबंधन को आश्वस्त किया कि किसी भी बच्चे को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर केंद्रीय चिकित्सालय में हरसंभव उपचार और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर केन्द्रीय चिकित्सालय के डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. श्रीता लाल, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. भवदीप सोढ़ी, डॉ. वीर भरत, डॉ. संगीता, डॉ. शुभांगी, डॉ. सत्यपाल जोलहे तथा मेट्रन रिचेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने आगंतुक सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## हेल्थ प्लस

### संतुलित दिनचर्या स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी : डॉ. द्विवेदी

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बृज होम्योपैथिक क्लिनिक के संचालक डॉ. एएन द्विवेदी ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण केवल दवाइयों और अस्पतालों से नहीं बल्कि संतुलित दिनचर्या, स्वच्छ जीवनशैली, सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में ही थायरॉयड, मधुमेह, मोटापा, सर्वाइकल और कमर दर्द जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। लंबे समय तक बैठकर काम करना, मोबाइल और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग, मानसिक तनाव, अनियमित दिनचर्या तथा फास्ट फूड का बढ़ता चलन इसके प्रमुख कारण हैं। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि नियमित योग और व्यायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, भरपूर पानी तथा मौसमी फलों का सेवन स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने पौधारोपण को स्वस्थ पर्यावरण की आधारशिला बताते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी स्वस्थ और सुरक्षित होगा।





### स्व. जंघेल को ठेकेदारों ने दी श्रद्धांजलि

सूरजपुर। खैरागढ़ के ठेकेदार गणेश्वर जंघेल द्वारा भुगतान लंबित होने के कारण आत्महत्या करने से पूरे प्रदेश के ठेकेदारों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिले के पीएचई ठेकेदार संघ ने आज स्व जंघेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धरना कर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। ठेकेदारों ने समय पर भुगतान, लंबित बिलों के शीघ्र निपटारे तथा विभागीय प्रक्रियाओं के सरलीकरण की मांग उठाई। ठेकेदारो ने कहा कि विभाग द्वारा भुगतान नहीं करने पर ठेकेदार आत्महत्या करने मजबूर हो रहे है। यही हाल रहा तो और ठेकेदार आत्महत्या करने मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान ठेकेदारों ने कहा कि भुगतान में लगातार हो रही देरी के कारण निर्माण एवं रखरखाव कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन एवं विभाग से जल्द समाधान निकालने की बात की। प्रदर्शन के पश्चात ठेकेदारों ने संबंधित अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ठेकेदारों ने कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की माँग की। इस दौरान अंकित गर्ग, अंशुल गोयल, कलवंत गोयल, मुकेश गोयल, प्रकाश अग्रवाल, विकास खत्री, दिनेश गोयल, मुकेश गर्ग, राकेश शुक्ला, गुप्तेश्वर पांडेय, दिनेश गोयल, विवेकानंद झा, लकी गोयल, विनय जायसवाल, अनुराग डालमिया, जीवन रौतेला, सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल में निकाली गई स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में मंगलवार को प्राचार्य के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को अपने अगल-बगल स्वच्छ वातावरण बनाने एवं प्लास्टिक जैसी वस्तुओं के प्रयोग से बचने का संदेश दिया गया।

- बस स्टैंड में विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक, लोगों को किया गया जागरूक, प्लास्टिक से बचने दिया सन्देश

वरिष्ठ अध्यापिका एवं आदित्य सदन प्रभारी अर्पणा मिश्रा के मार्गदर्शन में आदित्य सदन के विद्यार्थियों आन्या सिंह, काव्या सिंह, अदिति कुमारी, नैंनसी, ऋषिका सिंह मंदाकिनी विश्वास, विनायक मिश्रा, ईशरजोत सिंह बग्गा, समृद्ध पांडेय व जीत विश्वास द्वारा नगर के बस स्टैंड में सिंगल यूज प्लास्टिक को न कहें नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जनमानस को स्वच्छता अपनाने, वातावरण को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक की थैली का प्रयोग न कर कपड़े की थैली या कागज का ठोंगा प्रयोग करने, प्लास्टिक की थैली का दुष्प्रभाव एवं स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने अलग अलग दुकानों के दुकानदारों को हस्त निर्मित कागज का ठोंगा देकर उन्हें जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य अनामिका ने कहा कि हमें अपने आस-पास के वातावरण को हमेशा स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए। हमारे उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण नितांत आवश्यक है। स्वच्छता ईश्वर की सेवा के समान है का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ और सुंदर समाज निर्माण में हम सभी को हमेशा तत्पर रहना चाहिए।आयोजन को सफल बनाने में सांस्कृतिक प्रभारी विमान घोष, वरिष्ठ अध्यापक पीके वैद्य, रामजी सिन्हा, नीलम पांडेय, चित्रावती मिश्रा एवं काकोली मुखर्जी सहित सभी विद्यालय परिवार सक्रिय रहे।



## भाजपा शहर मंडल द्वारा डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म डी एल पी विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को तकनीक आधारित नए माध्यमों से जोड़ना तथा डिजिटल युग में डिजिटल रूप से अपडेट रहने की संभावनाओं पर चर्चा करना रहा। मुख्य अतिथि भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल लर्निंग से कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी तुरंत प्राप्त होगी तथा कार्यकर्ताओं की पहुंच संगठन के सभी गतिविधियों तक होगी एवं संगठन को भी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी तुरंत मिल जाएगी। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने बूथ पर डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दें। बूथ के अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम को प्रशिक्षित करें जिससे उन्हें भी संगठन की समस्त जानकारी प्राप्त हो सके। मंडल प्रभारी रितेश जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक बूथ मे कम से कम 50 कार्यकर्ताओ को डिजिटल लर्निंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। मंडल सह प्रभारी थलेश्वर साहू ने कहा कि आज के डिजिटल युग में संगठन भी डिजिटल हो गया है इसलिए हम सब कार्यकर्ताओं को भी डिजिटल लर्निंग को अपनाना अनिवार्य है जिससे हम भी समय के साथ चल सके।

कार्यक्रम में अजय अग्रवाल, डॉ. एचएन चतुर्वेदी, देवन्ति साहू, बसंत कुशवाहा, प्रमोद तायल, संतोष सोनी, शिवशंकर साहू पौधा, शेखर शाहा, प्रदीप सोनी बल्लु, संजय केजरीवाल, असरफ इराकी, रोशनी सोनी, रगमेन साहू, ज्योति देवांगन, वर्षा साहू, दिलीप साहू, हर्ष गुप्ता, हेमंत बैगा, उगेन्द्र राजवाड़े, भूपेंद्र राजवाड़े, करमातो राजवाड़े, बजरंग राजवाड़े, शानू साहू, दुलार साय सिंह, गौरीशंकर साहू, महेंद्र साहू, देवचंद रजक एवं अन्य कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन मंडल महामंत्री राजू देवांगन ने किया एवं अंत में महामंत्री नीरज जिंदिया 'बंटी' ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।





























## खबर संक्षेप

### रेलवे आरक्षण केंद्रों के संचालन की नई टाइमिंग लागू, प्रातः 8 से शाम 4 बजे तक होगा आरक्षण

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर मंडल के 17 स्टेशनों पर संचालित रेलवे आरक्षण केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, बिलासपुर के आदेशानुसार नई समय-सारिणी 1 जुलाई से लागू हो गई है। नई व्यवस्था के अनुसार अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का आरक्षण केंद्र अब सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक संचालित होगा। पहले यहां आरक्षण केंद्र सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहता था। वहीं बिश्रामपुर और बैकुंठपुर रेलवे स्टेशनों के आरक्षण केंद्र अब सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। पहले बिश्रामपुर में आरक्षण केंद्र सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहता था। बिलासपुर रेल मंडल के जिन 17 स्टेशनों के आरक्षण केंद्रों की समय-सारिणी में बदलाव किया गया है, उनमें अंबिकापुर, अकलतरा, अनूपपुर, नैला, सक्ती, उमरिया, अमलाई, बिजुरी, बैकुंठपुर, बिरसिंहपुर, बिश्रामपुर, बुढार, चंदिया, करगी रोड, खरसिया, कोतमा और मनेंद्रगढ़ स्टेशन शामिल हैं। नई समय-सारिणी के अनुसार सभी केंद्रों पर आरक्षण कार्य किया जाएगा।

### कलेक्टर ने छात्रा को प्रदान किए बैग एवं गणवेश, छात्रावास की भी होगी व्यवस्था



**सूरजपुर।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए एक जरूरतमंद छात्रा के उच्च शिक्षा के सपनों को नया संबल प्रदान किया है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने गोवर्धनपुर निवासी छात्रा स्वाति मरावी को बैग एवं गणवेश प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना दीं तथा पूरे मनोयोग और लगन के साथ अध्ययन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि छात्रा ने पारिवारिक आर्थिक कठिनाइयों के कारण पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी देते हुए जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया था। मामले पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने शिक्षा विभाग को त्वरित आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत छात्रा को गणवेश एवं बैग उपलब्ध कराया गया है। साथ ही छात्रावास में प्रवेश, पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता तथा फीस की व्यवस्था सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान में स्वाति मरावी शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

## पेज 1 के शेष...

### बॉर्डर मीटिंग में अपराध पर...

रघुनाथ सिंह मरावी थाना प्रभारी रघुनाथनगर, उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह चौकी प्रभारी वाड्रफनगर, उप निरीक्षक बृजमोहन गुप्ता चौकी प्रभारी बलंगी एवं अन्य प्रशिक्षु उप निरीक्षक उपस्थित रहे। मीटिंग दौरान अवैध रेत उत्खनन , अवैध परिवहन, मवेशी तस्करी, मादक पदार्थ गांजा, शराब व अन्य नशीली दवाईयां का परिवहन, वारंटीयों की पता साजी/गिरफ्तारी,चेक पोस्ट पर नियमित चेकिंग, नाकाबंदी, बॉर्डर क्षेत्र के आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड का आदान-प्रदान एवं विभिन्न राज्यों में विवेचना के दौरान होने वाले समस्याओं के संबंध में , एवं साइबर अपराध में नए-नए तरीकों से होने वाले अपराध के विषय में विस्तृत चर्चा किया गया किसी भी प्रकार के अपराध होने पर त्वरित कार्यवाही हेतु एक दूसरे के सहयोग के लिए सहमति दी गई। इसके अतिरिक्त बॉर्डर में पदस्थ सभी पुलिस अधिकारियों की आपसी तालमेल हेतु एक व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाया गया है जिसमें सूचनाएं आदान-प्रदान किया जा सकेगा

### रामगढ़ महोत्सव में शामिल...

है कि मारपीट की शिकार महिलाएं मध्यप्रदेश की रहने वाली हैं और रामगढ़ महोत्सव में आई थीं। महिलाओं पर चैन स्नेचिंग और जेबकतरी का शक जताया गया। आरोप है कि एक महिला को कथित तौर पर चोरी करते हुए पकड़ लिया गया, जिसके बाद शोर मचने पर भीड़ ने तीनों महिलाओं की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल एक गमछे से सिर ढंककर रोते हुए लोगों से माफी मांगती नजर आ रही है। दूसरी महिला भी हाथ जोड़कर माफी मांगती दिखाई दे रही है। इस संबंध में उदयपुर थाना प्रभारी शशिकांत सिंह ने बताया कि थाने में इस मामले की कोई शिकायत नहीं मिली है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है।

## आगामी 6 दिनों तक होगी अच्छी वर्षा

# मौसम हुआ अनुकूल, दो दिन में 52 मिमी से अधिक वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक पखवाड़े से अवर्षा की स्थिति से जूझ रहे सरगुजा संभाग के किसानों को दो दिनों से हो रही बारिश से कुछ राहत मिली है। बारिश होने के बाद एक बार फिर किसान खेती के कार्यों में जुट गए हैं। मौसम विज्ञानी मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के साथ ही आगामी 6 दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- मानसून ने पकड़ी गति, कृषको को मिली राहत

पिछले पांच दिनों से सरगुजा में शांत पड़ा मानसून अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के बाद आषाढ़ का महीना शुरू होते ही अपनी यात्रा पर अग्रसर हो गया है तेज गति से अगे बढ़ रहा है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण एवं पंजाब से खाड़ी तक विस्तारित मौसमी द्रोणिका वहीं खाड़ी से अरब सागर तक विस्तारित दूसरी द्रोणिका के प्रभाव से लगातार नमी पहुंच रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले दो दिनों से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। हालांकि आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ दिन में तेज गरज-चमक होने का क्रम पिछले एक सप्ताह से चल रहा है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की घटनाओं के साथ ही छिटपुट बारिश भी हुई है लेकिन संभाग का बड़ा इलाका बारिश से निष्प्रभावी रहा। मौसम में आए बदलाव के बाद मंगलवार से शहर सहित संभागभर में बारिश हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को 24.4 मिमी जबकि बुधवार को 28.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होने की भी सूचना है। मानसून के प्रभावी होने के बावजूद वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ खेती के लिए बड़ा संकट उत्पन्न हो गया था तथा स्थिति से क्षेत्र के किसान निराश हो गए थे। लोग मानसून की शुरूआत में ही इस बार सूखा पड़ने की संभावना जता रहे थे। तेज धूप निकलने के कारण धान का बीड़ा,मक्का सहित अन्य फसलों के पौधे सूखने लगे थे। बारिश से फिलहाल सूखे का संकट टल गया है तथा निराश हो चुके किसानों में फिर से खरीफ खेती के प्रति रूचि जग गई है। किसान खेती की तैयारियों में जुट गए हैं।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### लो-प्रेशर के प्रभाव से होगी अच्छी वर्षा

मौसम विज्ञानी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में हलचल शुरू हो गई है तथा बांग्लादेश में खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के 3 जुलाई को कम दबाव क्षेत्र में बदलने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी लो-प्रेशर के प्रभाव से आगामी 6 दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी मानसून के शुरूआती दिनों में प्रायः हर साल कुछ व्यवधान निर्मित होने एवं बाद में अच्छी वर्षा होने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में हो रही बारिश से धान की नर्सरी लगाने एवं बुनाई के कार्यों में तेजी आने की उम्मीदें जताई जा रही है। मानसून काल में अब तक 162 मिमी जबकि जुलाई के दो दिनों में 52.8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

### रोपाई के लिए इंतजार

कुछ किसानों ने स्वयं के सिंचाई साधनों के बल पर धान की नर्सरी तैयार कर ली है तथा रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक हुई वर्षा से खेतों की प्यास भी नहीं बुझ सकी है। बारिश होते ही खेतों का पानी सूख जा रहा है। कृषि विज्ञानियों के अनुसार 200 मिमी वर्षा का आंकड़ा पूरा होने के बाद खेतों की प्यास बुझेगी तथा क्यारियों में पानी जमना शुरू होगा। ऐसे में किसानों को धान की रोपाई के लिए अभी कुछ दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। कृषि वैज्ञानिक खरीफ फसलों की बुनाई एवं धान की नर्सरी लगाने के लिए वर्षा को अनुकूल बता रहे हैं।

### निर्मित हैं अनुकूल परिस्थितियां

मानसून के अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हैं। मानसून छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार को पार कर गया है तथा देश के तीन चौथाई राज्यों की यात्रा पूरी कर चुका है। आगामी दो दिनों में शेष बचे राज्यों में आगे बढ़ने की अनुकूल स्थितियां बनी है। खाड़ी में बन रहे लो-प्रेशर के प्रभाव से आगामी दिनों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

**-अक्षय मोहन भट्ट,** मौसम विज्ञानी

## पशु तस्करी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने मामले में 12 भैंस, एक पिकअप वाहन और एक ब्रेजा कार भी जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक 11 जून को मुखबिर की सूचना पर पिकअप क्रमांक यूपी 65 क्यूटी 1375 में 12 भैंसों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर वाहन से उत्तर प्रदेश ले जाने के दौरान ग्राम गोपालपुर के पास घेराबंदी कर पकड़ा। जांच में पशुओं का अमानवीय तरीके से परिवहन पाया गया। मौके से चालक अशोक गिरी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके साथी फरार हो गए थे। जब्त भैंसों को ग्राम बासेन स्थित गौशाला में सुरक्षित रखा गया है। इसी बीच मुखबिर की सूचना के आधार पर पहले सलमान उर्फ शहजाद आलम को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब फरार चल रहे ग्राम चकिया निवासी अभिमन्यु गिरी आ. दिलीप गिरी (23 वर्ष), निखिल गिरी आ.जोगेंद्र गिरी(26 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। वहीं मामले में शामिल फरार अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में एएसआई अशोक तिर्की, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक प्रतीक नेताम, दयाराम वट्टी, आरक्षक रुपेश गुप्ता एवं सैनिक शैलेंद्र गुप्ता सक्रिय रहे।

## रामगढ़ महोत्सव से लौट रहे युवकों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रामगढ़ महोत्सव से वापस लौट रहे युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक ने लगभग एक दर्जन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में 7 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में घायल एक किशोर की मौत हो गई जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिल के महंगई श्रीनगर निवासी 15 वर्षीय विकास आ. रिन्नु अगरिया अपने मामा 20 वर्षीय छोटे लाल सहित गांव के लगभग एक दर्जन युवकों के साथ 30 जून को रामगढ़ महोत्सव देखने के लिए आया हुआ था। दिनभर रामगढ़ मेला में घूमने के बाद सभी पैदल ही अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान उदयपुर थाना अंतर्गत झिरमिटी के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चालक युवकों को टक्कर मारने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना स्थल के समीप मौजूद किराना दुकान के संचालक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। डायल 112 और संजीवनी 108 एम्बुलेस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए उदयपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। घायलों में से विकास अगरिया की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि छोटे लाल, दिनेश, देव प्रसाद, अजय, किलो सहित अन्य का उपचार चल रहा है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- पांच घायलों का उपचार जारी

## नौगई घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग, आईजी को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज ने कोरिया के ग्राम नौगई में हुई हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं बिना किसी बाहरी दबाव के जांच कराने की मांग की है।



पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों के विरूद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए ताकि समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास बना रहे और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच प्रक्रिया में किसी भी सामाजिक, राजनीतिक अथवा अन्य संगठन का अनावश्यक हस्तक्षेप न होने दिया जाए तथा जांच अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का बाहरी दबाव न बनाया जाए। साथ ही कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यकता अनुसार जनसभाओं, रैलियों एवं भीड़ एकत्रित करने वाले कार्यक्रमों पर नियंत्रण रखा जाए। समाज ने यह भी मांग कि है कि जांच के दौरान संबंधित परिवारो, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को बिना उचित कारण अनावश्यक पूछताछ का हिस्सा न बनाया जाए तथा जिन व्यक्तियों का घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, उन्हें अनावश्यक रूप से थाने में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। सोशल मीडिया एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से भड़काऊ, उत्तेजक एवं समाज में वैमनस्य फैलाने वाले वक्तव्य देने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। समाज ने शासन द्वारा प्रकरण की सीबीआई जांच कराने तथा जांच से पूरे प्रकरण के सभी तथ्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सामने आने वहीं निर्दोष व्यक्तियों को न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।

## नए जनपद सीईओ संजय दुबे ने किया पदभार ग्रहण

**कुसमी।** जनपद पंचायत के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे द्वारा शासन के आदेशानुसार कुसमी जनपद पंचायत पहुंच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के पद पर भार ग्रहण कर सुचारू रूप से कार्यों का संपादन कर लिया गया है। पूर्व में भी संजय दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर कुसमी जनपद पंचायत में अपनी सेवाएं संपादित किया गया है। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक सोनी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## शाला प्रवेश उत्सव में अव्यवस्था पर भड़कीं सामरी विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान मंच की बैठक व्यवस्था को लेकर उस समय माहौल गर्मा गया, जब कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा व्यवस्था देखकर नाराज हो गईं। विधायक ने मंच के सामने रखी नेमप्लेट को स्वयं हटाकर किनारे कर दिया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं दोहराने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों को लगाई फटकार

विधायक ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला कार्यक्रम है, इसलिए व्यवस्थाओं में इस प्रकार की चूक स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान और कार्यक्रम की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य देख रहे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतरू राम नागदेव ने विधायक के सामने हाथ जोड़कर अपनी गलती स्वीकार की और बेहतर व्यवस्था का आश्वासन देते हुए माफी मांगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने भी मंच व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नियमित विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अस्वस्थ होने के कारण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन मंच और नेमप्लेट की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं की गई। वरिष्ठता के अनुरूप बैठने की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति बनी, जिसके बाद विधायक ने अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।विवाद के बाद कार्यक्रम पुनः सामान्य रूप से प्रारंभ हुआ। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प देकर स्वागत किया गया। कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों को गणेश व पुस्तक तथा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतरू राम नागदेव ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से जन्म प्रमाण पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ बच्चों को समय पर मिल सके। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष एवं स्थायी शिक्षा समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, रवि प्रताप मरावी, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, जनपद सीईओ संजय दुबे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### अजबनगर में नवप्रवेशी बच्चों को कराया गया शाला प्रवेश

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजबनगर में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर कक्षा पहली, छठवीं व नवमी के नव प्रवेशी बच्चों को चंदन तिलक लगा मिष्ठान खिलाकर पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप सरकार ने सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने की अपील करते हुए सभी छात्रों से खूब मेहनत करने व शिक्षकों और पालकों से अपनी समस्याओं को बताने की बात कही। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विरजानिया केरकेट्टा, प्रदीप सरकार, अर्जुन सिंह, श्यामल दास, शिक्षक विनय ठाकुर, दुर्गा साहू, संध्या तिवारी, सीमा सिंह, ममता वर्मा, सीमा सिंह, एलएन तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, नवीन जैन, अनीता वर्मा, बृजेश, विवेक साहू, आशीष वर्मा, निरंजन एक्का व अन्य उपस्थित थे। मंच संचालक शिक्षिका पोशाक बेहरा ने किया।



### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, महिला समेत दो घायल

**अंबिकापुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो का उपचार जारी है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत परसवारपारा निवासी 42 वर्षीय शंकर आ. स्व. पुरषोत्तम लकडा 30 जून को अपनी पत्नी बालपति के साथ प्रतापपुर खडगवां जाने के लिए निकला था। इस दौरान महान नदी के पुल पर सुबह लगभग आठ बजे अज्ञात ट्रक का चालक बाइक सवार दम्पति को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस घटना में घायल दम्पति को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शंकर लकड़ा की मौत हो गई जबकि पत्नी का उपचार जारी है। वहीं दूसरे मामले में कमलेश्वरपुर निवासी 21 वर्षीय बाल कुमार आ. स्व. मंगल मांझी 30 जून को अपने दोस्त विनोद मांझी के साथ सामान लेने नर्मदापुर जा रहा था। इस दौरान दोपहर दो से तीन बजे के बीच अज्ञात वाहन का चालक बाइक सवारों को टक्कर मारकर फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए नर्मदापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान बाल कुमार की मौत हो गई जबकि विनोद का उपचार जारी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों पर अब सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला एवं जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा खनिजों के खनन, परिवहन एवं भण्डारण से प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में 27 जून को खनिज अमला द्वारा तहसील रामानुजनगर क्षेत्र में खनिज वाहनों की जांच के दौरान रामानुजनगर बाजार के पास खनिज गिट्टी से भरी 1 हाईवा को जब्त कर थाना रामानुजनगर के सुरक्षार्थ रखा गया। इसके पश्चात 28 जून को क्षेत्र के ग्राम देवीपुर से खनिज बोल्डर परिवहन के 2 प्रकरण तथा ग्राम रूनियाडीह-नमदगिरी सीमा के पास स्थित रेत घाट से रेत परिवहन के 1 प्रकरण दर्ज कर वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुरक्षार्थ रखा गया। भ्रमण के दौरान 30 जून को तहसील भैयाथान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़सरा से खनिज रेत के परिवहन में संलिप्त 2 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया गया। वहीं 1 जुलाई को ग्राम कुरूवा के पंडित पारा रेत घाट में खनिज रेत उत्खनन में संलिप्त 2 टिपर पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर थाना बिश्रामपुर के सुरक्षार्थ खड़ी कराया गया। इस प्रकार सतत निगरानी करते हुए विभाग द्वारा विगत सप्ताह खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त कुल 8 वाहनों पर कार्रवाई की है।

- अवैध गतिविधियों में संलिप्त 8 वाहन जब्त

### अवैध रेत उत्खनन एवं भंडारण पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, एक टिपर जब्त

**राजपुर।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा ग्राम नरसिंहपुर में अवैध रेत परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार ग्राम नरसिंहपुर में अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे रेत से भरे एक टिपर को जब्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाना राजपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ खनिज नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।



